# गर्जन और वज्रपात के साथ 28 तक बारिश की संभावना

## झारखंड के ऊपर बना लो प्रेशर का एरिया, ऑरेंज अलर्ट जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन लो प्रेशर एरिया का व्यापक असर झारखंड में दिख रहा है। मौसम केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद के मुताबिक झारखंड और आसपास के क्षेत्र पर कम दबाव का क्षेत्र बना है। इससे 24 से 28 सितंबर तक राज्य के कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। वहीं आज 23 सितंबर को भी राज्य के उत्तर पूर्वी भागों (देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज) में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। इसके अलावा 24 सितंबर तक राज्यभर में गर्जन और वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम केंद्र ने 24 से 28 सितंबर तक राज्य के कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है।

इधर पिछले 24 घंटे में रांची समेत राज्य में लगभग सभी जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा भी दर्ज गई। शुक्रवार को राज्य के लगभग सभी जिलों में बारिश हुई।

### राज्य में सामान्य से 32 मिमी कम बारिश

पिछले 24 घंटे में झारखंड में सबसे अधिक गोड्डा में 124.8 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में एक जून से अब तक सामान्य से 29 मिमी कम बारिश हुई है। इस अवधि में सामान्यतः 970 मिमी बारिश होनी चाहिए, लेकिन अब तक 688.6 मिमी ही बारिश हुई है। फिलहाल, साहिबगंज और गोड्डा में सामान्य से 7 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। सबसे खराब स्थिति चतरा की है। यहां 58 प्रतिशत कम बारिश हुई है। वहीं, रांची में 29 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

## चुनाव से पहले झारखंड चैंबर की 59वीं वार्षिक आमसभा दो प्रस्ताव पास

# फेड्रेशन को राज्यस्तरीय स्वरूप देने के लिए कमिटी ने बेहतर प्रयास किया : किशोर मंत्री

### बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में रविवार को सुबह 9 बजे से मतदान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की शुक्रवार को हुई 59वीं वार्षिक आमसभा में अध्यक्ष किशोर मंत्री की टीम द्वारा बैलेंस शीट सहित आय-व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस पर सभा में उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई। चैंबर भवन में हुई आमसभा में 138 सदस्य मौजूद थे। इसमें रांची सहित गिरिडीह, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा जिलों के चैंबर ऑफ कॉमर्स, संबद्ध संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ-साथ जिले के व्यवसायी, उद्यमी एवं प्रोफेशनल्स शामिल हुए। इस अवसर पर महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने चैंबर के इस सत्र की वार्षिक गतिविधियों को सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। आमसभा द्वारा सर्वसम्मति से चैंबर के ऑडिट के लिए एक बार फिर मेसर्स जेएन अग्रवाल एंड कंपनी को कार्यभार दिया गया। कोषाध्यक्ष सुनिल केडिया ने सत्र 2022-23 के आय-व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कई घंटों तक चली चैम्बर आमसभा में मुख्यतः दो प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया। चैंबर की वार्षिक आमसभा में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव उसी शहर में कराए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं दूसरा प्रस्ताव डीन संबंधी प्रस्ताव आमसभा में लाया गया जिसे संविधान समिति को भेजने का निर्णय लिया गया।

**रविवार सुबह 9 बजे से होगा मतदान :** चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया एवं पवन शर्मा ने चुनावी प्रक्रियाओं पर कहा कि बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 24 सितंबर को सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान के उपरांत मतों की गिनती और परिणाम की घोषणा की जायेगी।

**चार प्रमंडल के उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित :** 0आमसभा में चार प्रमंडलों में प्रदीप अग्रवाल (कोयलांचल), नीतिन प्रकाश (कोल्हान), आकर्ष आनंद (पलामू) और प्रीतम गाडिया (संताल परगना) को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने की भी घोषणा की गई। शेष प्रमंडलों के उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा।

### आर्थिक रूप से सशक्त हुआ चैंबर : किशोर मंत्री

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि फेड्रेशन को राज्यस्तरीय स्वरूप देने के लिए कमिटी ने बेहतर प्रयास किया है। इस दौरान 14 जिलों का दौरा किया गया। कई जिलों में चैंबर की स्थापना के साथ ही जिला स्तर पर रीजनल कॉन्कलेव का आयोजन और व्यापार जगत से जुड़ी कानूनी जटिलताओं के सरलीकरण की दिशा में काम किया गया। राज्य में भवन नियमितीकरण योजना का प्रारूप तैयार करना, होल्डिंग टैक्स की दरों में कमी किये जाने के साथ ही ईस्टर्न जोन के चैंबर्स के बीच झारखंड चैंबर को नेतृत्व प्रदान करने की सफल कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन और 260 नये सदस्यों को जोड़कर चैंबर को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक सफलता मिली है। झारखंड चैंबर को स्मॉर्ट सिटी में एक एकड भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में भी हमें राज्य सरकार से सकारात्मक सहमति मिली है। किशोर मंत्री ने कहा कि चैंबर का वार्षिक चुनाव 24 को होना है जिसके बाद बनने वाली नई कमिटी पारित प्रस्ताव को अमल में लायेगी।

# रांची एयरपोर्ट पर गिरिडीह के यात्री की बैग से इंसास की गोली बरामद

## अपने बेटे को इलाज के लिए बेंगलुरु जा रहा था व्यक्ति, एयरपोर्ट थाना पुलिस कर रही है पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक यात्री की बैग से कारतूस बरामद किया गया है। यात्री बेंगलुरु जा रहा था। इस दौरान एयरपोर्ट पर उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें उसके बैग से इंसास की एक गोली मिली। जिसके बाद सीआईएसएफ की टीम ने व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शुक्रवार को बेंगलुरु जा रहे एक यात्री के बैग में इंसास जैसे खतरनाक हथियार के कारतूस मिले।

एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों की नजर जैसे ही बैग में रखे इंसास की गोली पर पड़ी, वैसे ही सभी जवान एक्टिव हो गए और क्विक रिस्पांस टीम को सूचित कर यात्री को तुरंत ही रोक लिया। यात्री को हिरासत में लेने के बाद सीआईएसएफ की टीम ने बैग और यात्री दोनों को एयरपोर्ट थाने के हवाले कर दिया, गोली मिलने के बाद यात्री से पूछताछ की गई और उससे जानकारी ली गई कि आखिर यह कारतूस उसके पास कहां से आयी।

### व्यक्ति के पास इंसास जैसे खतरनाक हथियार की गोली कैसे पहुंची

जिस यात्री के पास गोली मिली है, वह यात्री गिरिडीह जिले का रहने वाला है और उसका नाम विनोद यादव बताया जा रहा है। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि यात्री बेंगलुरु जा रहा था। वह रांची एयरपोर्ट से बेंगलुरु की फ्लाइट पकड़ कर निकलने ही वाला था कि स्कैनिंग के दौरान उसके बैग में रखे इंसास की गोली पकड़ी गई। एयरपोर्ट थाने के द्वारा हिरासत में लिये जाने के बाद जब उससे पूछताछ की गई कि आखिर उसके बैग में प्रतिबंधित हथियार इंसास की गोली कहां से मिली तो वह जवाब देने में प्रशासन के सामने असक्षम दिखा। विनोद यादव के जवाब से संतुष्ट नहीं होने के बाद एयरपोर्ट पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट पुलिस और गिरिडीह पुलिस मिलकर गोली के साथ पकड़े गए व्यक्ति के पूरे बैकग्राउंड की जांच करेगी। साथ ही यह पता करेगी की इंसास जैसे खतरनाक हथियार की गोली विनोद यादव जैसे शख्स के पास कैसे पहुंचा।



प्रतिकात्मक तस्वीर

# मिशन 2024 को लेकर सत्यापन कार्य हर हाल पूरा करें : कर्मवीर

## महानगर भाजपा कार्यालय में मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के सत्यापन को लेकर कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा रांची महानगर जिला कार्यालय में शुक्रवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता केके गुप्ता ने की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मंडलों में 26 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच मंडल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों के सत्यापन का काम पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि मिशन 2024 के निमित्त शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिये संगठन की ओर से मंडल से बूथ स्तर तक की हमारी संरचना के सत्यापन का काम भी अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत हमने पूरे प्रदेश में 25,000 बूथ समितियों का निर्माण किया है। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कार्यकर्ताओं को सत्यापन के तरीके के बारे में विस्तार से बताया। महानगर भाजपा अध्यक्ष के के गुप्ता ने आज की कार्यशाला में विषय प्रवेश कराया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनीता सिंह ने जिला के सभी मंडलों में अभियान के संचालन को लेकर अपने विचार रखे। इस कार्यशाला का संचालन वरुण साहु एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने की।

कार्यशाला में प्रेम मित्तल, मनोज मिश्रा, राकेश भास्कर, बबन गुप्ता, ललित ओझा, राजू सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, नीरज सिंह, जितेंद्र वर्मा, राकेश सिंह गुड्डु, राहुल चौधरी, मुकेश सिंह, जीतन यादव, संजीव चौधरी, मंतोष सिंह, रंधीर सिंह, विकास रवि, सुजीत शर्मा, रामजी प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले पूर्व मंत्री, भेंट की पुस्तक

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी ने राज भवन में भेंट की। उक्त अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन पर आधारित पुस्तक **सड़क से सदन तक** समर्पित किया।

### नगर निगम का 45वां स्थापना दिवस आज,

**रांची।** 23 सितंबर शनिवार को रांची नगर निगम का 45 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। निगम के आठवें तल्ले पर स्थित सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 12 :00 बजे नगर विकास और आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार रहेंगे।

### पुंदाग क्षेत्र में युवक ने आत्महत्या की

**रांची।** पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर में मनीष कुमार सिंह (22 वर्ष) नामक युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया थाना पुलिस ने चोरी के अरोप में एक निरूद्ध समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में क्रमशः मो शहजाद उर्फ फैजान, आजाद खान, कबाड़ी मालिक ध्रुव नंदन प्रसाद उर्फ मुन्ना जायसवाल शामिल है। पुलिस ने कबाड़ी वाले के यहां से पंखा का कॉयल, समेत कई सामान बरामद किया है। उक्त सभी सामान योगदा सत्संग मठ से चोरी किया गया था। इस संबंध में गार्ड सुनील गाड़ी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

# शादी का झांसा देकर महिला से कई बार दुष्कर्म, जैप सिपाही निष्कासित

## चुटिया थाने में दर्ज है प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप-10) के सिपाही भरत पाठक को एक महिला के साथ यौन शोषण के आरोप में तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। उसके खिलाफ चुटिया थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। भरत पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। यह आरोप हावड़ा में रहने वाली शादी-शुदा महिला ने लगाया है। आरोप है कि होटलों में शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया व एक लाख रुपए भी ठग लिया। होटल में दुष्कर्म करने के बाद महिला को अपने घर ले जाने का झांसा देकर रांची स्टेशन पर लाया और वहां छोड़ कर भाग गया। उसके बाद महिला चुटिया थाना पहुंची और जैप-10 के सिपाही भरत पाठक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी।

**फेसबुक से हुआ प्यार :** जानकारी के अनुसार महिला का पति से संबंध खराब हो गया। उसने प्राथमिकी में लिखा है कि फेसबुक से भरत पाठक से उसकी बातचीत शुरू हुई। यह सिलसिला चलता रहा, बाद में भरत पाठक हावड़ा आया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद हर दो महीना में मुझसे मिलने हावड़ा आने लगा। साल 2022 में जबरन देवघर ले आया और वहां मंदिर में शादी कर एक होटल में सात दिनों तक रखा। बाद में महिला वहां से भाग कर हावड़ा चली आई। लेकिन भरत पाठक 2023 में महिला के घर हावड़ा पहुंचा और वहां से उसे लेकर रांची आ गया।

# नाबालिग छात्रा को भगाने के आरोप में गढ़वा के मौलाना की लखनऊ पुलिस कर रही तलाश, झारखंड में छापेमारी

## अपने बच्चे को लेकर थाने पहुंची मौलाना की बेगम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/लखनऊ।** गढ़वा के रहनेवाले मौलाना जुनैद आलम की तलाश लखनऊ पुलिस झारखंड में कर रही है। इस बाबत लखनऊ पुलिस की टीम आरोपी मौलाना की तलाश में गढ़वा में छापेमारी की। हालांकि, पुलिस को जुनैद वहां नहीं मिला।

जानकारी के मुताबिक, मौलाना जुनैद आलम पत्नी और दो बच्चों के साथ उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ गया था। प्रतापगढ़ की एक मस्जिद में मौलाना रहे इन साहब को मदरसे की एक 16 साल की छात्रा से प्यार हो गया। आरोप है कि इन मौलाना साहब ने उस छात्रा को झांसे में लेकर निकाह भी कर लिया। निकाह करने के बाद उसे साथ लेकर फरार भी हो गए। हालांकि, मौलाना खुद शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। मौलाना की पत्नी ने थाने में पति को वापस लाने की गुहार लगाई है।

आरोपी मौलाना साहब आसपुर देवसरा थाना प्रतापगढ़ जिले के अंतर्गत वाजिदपुर की एक मदरसे में बच्चों को पढ़ाया करते थे। उनकी पत्नी का आरोप है कि उसके पति मौलाना साहब ने बहाने से अंबेडकर के एक घर में उसे किराए का दिलवाया। वहीं उसे वहीं छोड़कर निकल लिये। किराए पर कमरा दिलवाते समय उन्होंने पत्नी से कहा था कि वह अपने खेत को बेचकर एक बोलेरो खरीदेंगे जिसे लखनऊ में चलवाएंगे। पत्नी का कहना है कि जाने के बाद पति आज तक वापस ही नहीं लौटा।

### नाबालिग से निकाह की जानकारी मिलते ही पत्नी पहुंची थाने



मौलाना साहब तो नहीं लौटे लेकिन बाद में पत्नी को इस बात की जानकारी मिल गई कि 16 साल की नाबालिग लड़की को लेकर पति मौलाना साहब फरार हो गए हैं। मौलाना साहब की पत्नी का नाम नुरूल निशा है। पति की करतूत की जानकारी मिलने के बाद वह अपने बच्चे के साथ आसपुर देवसरा थाना शिकायत लेकर पहुंच गई। पुलिस अफसरों से पति को वापस लाने के लिए फरियाद लगाती रही।

### पुलिस ने मामला दर्ज किया, जांच शुरू

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्यासागर मिश्र ने इस मामले में बताया कि मौलाना की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मदरसे का पूर्व मौलाना बताया जा रहा आरोपी जुनैद आलम झारखंड के गढ़वा का रहनेवाला बताया जा रहा है। आरोपी की तलाश करने के लिए एक स्पेशल टीम का गठन किया गया है, पुलिस जल्द ही आरोपी और छात्रा की तलाश कर लेगी।

## सांसद की पहल पर रेल मंत्री ने दिया निर्देश

# चांडिल स्टेशन पर भी रुकेगी वंदे भारत ट्रेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची से हावड़ा के लिए 24 सितंबर रविवार से शुरू होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल रेलवे स्टेशन पर भी सुनिश्चित हो गया है। इसकी अधिसूचना दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा जारी कर दी गई है। विदित हो कि वंदे भारत एक्सप्रेस का रांची से हावड़ा के लिए उदघाटन रविवार 24 सितंबर से सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सांसद संजय सेठ के आग्रह पर यह परिचालन शुरू हुआ है। सांसद ने अपने प्रस्ताव में रेल मंत्रालय को बताया था कि चांडिल में भी इस ट्रेन का ठहराव दिया जाये क्योंकि चांडिल बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है।

मालूम हो कि बीते कल को सांसद संजय सेठ ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से बात की थी। सांसद ने क्षेत्र की जनता की तरफ से भी प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के प्रति आभार जताया है।

# संकट मोचन मंदिर में नहीं खोलने देंगे धार्मिक न्यास बोर्ड का कार्यालय : महंत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के संकट मोचन मंदिर में धार्मिक न्यास बोर्ड की नई कमेटी के पदभार ग्रहण पर महंत समाज ने एतराज जताया है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर मंदिर के महंथ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी ने यहां धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा कार्यालय खोले जाने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि मंदिर में धार्मिक न्यास बोर्ड का कार्यालय खोलने के लिए जगह नहीं दी जाएगी। महामंडलेश्वर ने कहा कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में न्यास बोर्ड द्वारा गठित कमिटी के सदस्य आए। सभी को भक्त समझ कर आशीर्वाद दिया। यह मंदिर साधु समाज का मंदिर है मैं वर्षों से यहाँ सेवा कर रहा हूं आज तक कोई कमिटी नहीं थी, ये निर्मोही अखाड़ा परिषद की परंपरा के तहत संचालित होता है, मुझे आपलोग से कोई शिकायत नहीं है, मेरी आधी बातों को मीडिया के माध्यम से दिखाया जा रहा जबकि मैने कोई स्वीकृति नहीं दी है। मैं सचिव पद से भी त्यागपत्र दे रहा हूं।



**धर्म से जुड़े हुए लोगों को ही यहां बैठना चाहिए : सीपी सिंह**

इस मौके पर मौजूद विधायक सीपी सिंह ने कहा कि बोर्ड धर्म प्रेमियों के लिए होता है। यह सनातन धर्म पर विश्वास करने वालों के लिए है। जो धर्म प्रेमी होते हैं, जो देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करते हैं और उसमें सहयोग करते हैं, वैसे लोगों को ही धार्मिक न्यास में जगह देना चाहिए। उसका सदस्य बनाना चाहिए। मंदिरों में पूजा-पाठ साधु-संत द्वारा होता है और धार्मिक कार्य होता है। धर्म की बात होती है। धर्म से जुड़े हुए लोगों को ही यहां बैठना चाहिए। कहा कि जय श्री राम के नारे से कान फट जाता है, जैसा बयान देने वाले मुख्यमंत्री द्वारा धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन करना सनातन धर्म पर एक तरह से हमला है।

### हम हनुमान के भक्त, बात नहीं बनी तो गदा चलेगा : विजय बर्मण

हम हनुमान के भक्त हैं बात नहीं बनी तो गदा चलेगा। संकट मोचन मंदिर धार्मिक न्याय बोर्ड के द्वारा गठित कमेटी के अध्यक्ष विजय बर्मण ने कहा कि मेरा बैकग्राउंड पॉलिटिकल नहीं है। मै महावीर मंडल का अध्यक्ष रहा , लेकिन सीपी सिंह मंदिर में आकर पॉलिटिक्स कर रहे हैं। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर में उन्होंने क्या किया है सभी को पता है। मौके पर उपाध्यक्ष सन्नी सिन्हा ने कहा कि जो लोग कांग्रेस को सनातन विरोधी बता रहे हैं, उन्हें ध्यान रखना चाहिए की राम मंदिर राजीव गांधी ने ही खुलवाया था। भाजपा की सरकार थी इतने दिनों से क्यों नहीं बोर्ड बनाकर मंदिरों का उत्थान का काम किया गया पहले इसका जवाब दे भाजपा के नेता।

## रिम्स में नेत्र सहायकों का पांच दिनी रिफ्रेशर प्रशिक्षण संपन्न

# नेत्र सहायकों को आंखों की जांच और चिकित्सा की मिली विस्तृत जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** क्षेत्रीय नेत्र संस्थान रिम्स की ओर से राज्यभर के नेत्र सहायकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कल संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण राज्यभर के नेत्र सहायकों के लिए दो भागों में आयोजित हुआ। पहले बैच का प्रशिक्षण 11 सितंबर से लेकर 15 सितंबर और दूसरे बैच के नेत्र सहायकों का प्रशिक्षण 18 सितंबर से 22 सितंबर तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान रिम्स के चिकित्सकों ने नेत्र सहायकों को नेत्र की चिकित्सा संबंधी जानकारी दी। इस दौरान उनके कई प्रकार के संदेह को क्लियर किया गया। इसके साथ ही अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों में बच्चों के आंखों की स्क्रनिंग, मोतियाबिंद जांच, नेत्रदान आदि की भी जानकारी दी गयी। वहीं नेत्र सहयकों ने चिकित्सकों से दूर-दराज के क्षेत्र में आयोजित नेत्र शिविर के दौरान जांच की पद्धति की जानकारी हासिल की।

प्रशिक्षण के दौरान अंतिम दिन स्वास्थ्य निदेशालय के निदेशक प्रमुख सह राज्य अंधापन नियंत्रण पदाधिकारी डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह, रिम्स के निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने नेत्र सहायकों को प्रमाण पत्र वितरण किया। इस दौरान नेत्र विभाग के कई चिकित्सक मौजूद थे।



प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र वितरण करते चिकित्सा पदाधिकारीगण

# रांची में पदस्थापित हवलदार के मोबाइल से हो रही थी साइबर ठगी, बाप-बेटा गिरफ्तार

वायरलेस मुख्यालय रांची का हवलदार करमाटांड़ में पाटलिपुत्रा-एक्सप्रेस से पटना जाने के दौरान बना था नशाखुरानी गिरोह का शिकार

हवलदार रामचंद्र पटना अस्पताल में थे भर्ती और मोबाइल का लोकेशन आ रहा था करमाटांड़, पुलिस के जांच में मामले का खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वायरलेस मुख्यालय रांची के हवलदार रामचन्द्र राय 18 सितंबर के दिन छुप्ती लेकर अपनी ससुराल पटना स्थित हसनपुर के लिए निकले थे। लेकिन वह रास्ते से ही लापता हो गए। उनके स्वजनों ने जब उनके मोबाइल लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश शुरू की तो यह करमाटांड़ के सियाटांड़ गांव का निकला।

विशाल के पिता रामस्वरूप मंडल ने 18 सितंबर की हवलदार रामचंद्र राय को नशाखुरानी का शिकार बना लूटा था। उसके बेहोश होते ही रामस्वरूप ने उसका सारा सामान अपने कब्जे में ले लिया और ट्रेन से उतर गया। बाद में उसने रामचंद्र की मोबाइल अपने बेटे विशाल को साइबर अपराध की घटनाओं को अंजाम देने के लिए दे दिया। विशाल ने पूछताछ के दौरान बताया कि इस मोबाइल के जरिए वह 99,500 रुपये ठगी कर ट्रांसफर भी कर चुका है।

उसके पिता रामस्वरूप मंडल के खिलाफ पहले से भी नशाखुरानी के आरोप में केस दर्ज हैं और काफी समय से वह नशाखुरानी के धंधे से जुड़ा हुआ है। छापेमारी के दौरान रामस्वरूप मौके से फरार था। जामताड़ा एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि विशाल मंडल के घर की तलाशी हवलदार रामचंद्र के मोबाइल समेत कुल 10 मोबाइल, 17 सिम कार्ड, दो एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, 54,500 रुपये नगद और एक बाइक बरामद किया है। बताया कि नशाखुरानी के शिकार हुए हवलादार के सामान बरमाद हो चुके हैं। जबकि उनका इलाज पटना स्थित पीएमसीएच अस्पताल में चल रहा है।

### बेटा इसी मोबाइल से कर रहा था साइबर ठगी

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की तो पता चला कि रामचंद्र के मोबाइल का इस्तेमाल ये शातिर साइबर ठगी में कर रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके से 19 साल के विशाल मंडल और 22 साल के अनिल मंडल को धरदबोचा। अब पूछताछ के क्रम में जो जानकारी मिली वह और भी चौंकाने वाले हैं।

# गणेश प्रमिता का विसर्जन



**रांची।** गणेश पूजा महोत्सव का भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकालकर समापन किया गया। श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा के न्यू काली पूजा समिति के परिसर से भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गईं। जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र प्रयागराज दिल्ली एवम हरिद्वार की आकर्षित झांकी थी। जिसमें मां काली ,भोले बाबा ,हनुमान का स्वरूप मनमोहक प्रतीत हो रहा था। सिंहघी बाजा जमशेदपुर, कांके का नगाड़ा बाजा,धनबाद का भांगड़ा पार्टी, हजारीबाग का सुनामी बाजा एवं पूरे रास्ते सांस्कृतिक कार्यक्रम मे मोबाइल भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सैकड़ो की संख्या मे महिलाए नाचते झूमते चली, सभी महिलाएं को एवम पदाहिकारी को कोलकाता के साफा तथा गणपति महाराज को अपने विधिवत मार्ग काली मंदिररोड,भवानीपुर, डोरंडा बाजार, एजी मोड़ से होते हुए बटन तालाब में विसर्जित किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समिति के संरक्षक टापू घोष, नवरत्न वाली,शंभू गुप्ता, रोहित शारदा, रंतु उरांव,अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा सचिव अमित गुप्ता कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता, विक्की घोष, बिप्पू घोष, बाबू सोना दास, राहुल घोष ,अजय घोष ,बबलू दास ,बापी घोष,अजय घोष, श्रयेष सिंह ,विकास कुमार, माही राय,नेहा दास, तोपसी घोष,माला घोष, मुनमुन घोष, चेम्पा घोष,कंपा घोष, लोकेकी घोष,मोहमिता घोष निरुपमा देवी, बीनू देवी, सरिका गुप्ता, बिना शारदा, नम्रता सोनी, सहित क्षेत्र की महिलाएं का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

## सीसीएल ने लगाया नि:शुल्क रेस्पिरेटरी स्वास्थ्य जांच शिविर



**रांची।** जन आरोग्य केंद्र सीसीएल की ओर से शुक्रवार को रांची के गागी बस्ती पंचायत भवन में निः शुल्क रेस्पिरेटरी (सांस की तकलीफ) सहित अन्य बीमारियों के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गागी बस्ती में डॉक्टरों ने 203 लोगों की जांच की और सलाह दी। इस शिविर में विशेष कर होमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन, सांस की तकलीफ की निः शुल्क जांच की गयी। शिविर के सफल आयोजन में सीसीएल सीएमएस डॉ रत्नेश जैन, डीसीएमओ सीएसआर इंचार्ज, डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. शशि कांत प्रसाद, डॉ. अनीता होरो, डॉ, रजनी कुजूर, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन खलखो एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पारा शिक्षकों एवं पंचायत सचिवालय कर्मियों की समस्याओं से रूबरू हुईं रानी कुमारी

राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति और पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति और राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों से बातचीत करने धरना स्थल पहुंचीं। रानी कुमारी उनसे मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्ष 2016 में राज्य में 18 हजार पंचायत सचिवालय कर्मी नियुक्त किए गए हैं। पंचायत स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने के उद्देश्य से सरकार ने उनकी नियुक्तियां की थी लेकिन इन्हें यथोचित मानदेय व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। वहीं, झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति (पारा शिक्षकों) की ओर से बताया गया कि टेट पास शिक्षकों को सहायक आचार्य की परीक्षा से मुक्त रखते हुए वेतनमान की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। दोनों संगठनों द्वारा राजद की महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए उनकी समस्याओं के यथाशीघ्र निष्पादन की मांग की गई।

रानी कुमारी ने दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार के संज्ञान में देते हुए सकारात्मक वार्ता की पहल की जाएगी।



## झासा रांची शाखा के पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण



**रांची।** झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवाएं संघ (झासा) की रांची इकाई के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। बता दें कि सर्वसम्मति से डॉ सिद्धेश्वर बास्के (अध्यक्ष), डॉ विनीता कुमारी (उपाध्यक्ष), डॉ कृष्णा मुरारी सिंह (सचिव), डॉ रवि राज (कोषाध्यक्ष) और डॉ दिलीप पासवान (संयुक्त सचिव) बनाए गए हैं। मौके पर सचिव डॉ कृष्णा मुरारी सिंह ने कहा कि चिकित्सकों के कल्याण के लिए काम करना मेरी प्राथमिकता है। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## सीएमपीडीआइ में दो दिनी इंद्रधनुष मेला शुरू, कई आकर्षक स्टाल लगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** वोमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), सीएमपीडीआई शाखा के तत्वावधान में संस्थान के रबीन्द्र भवन में 22 एवं 23 सितंबर तक आयोजित दो-दिवसीय इंद्रधनुष मेला का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता ने किया। इस मौके पर सीएमपीडीआई के सीएमडी एवं निदेशक अजय कुमार की धर्मपत्नी सुषमा भारती, विप्स की सचिव आभा प्रसाद, विप्स की समन्वयक डॉ. शिल्पी स्वरूप एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश एवं कोषाध्यक्ष स्वप्नाली बसु उपस्थित थीं।

इस मौके पर श्रीमती गुप्ता ने कहा यह प्रदर्शनी/हस्तशिल्प मेला परंपरागत और आधुनिकता का संगम है। इस मेले में प्राकृतिक, नैसर्गिक एवं पर्यावरण हितैषी चीजों से बनी निर्मित वस्तु/सामान के साथ-साथ आधुनिकता से लबरेज चीजें भी उपलब्ध हैं। यह मेला आसपास के ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार हेतु सशक्त माध्यम बनेगा और उनके अंदर उद्यमशीलता उत्पन्न करने में मददगार सिद्ध होगा।

इस मेले में फैशनेबल (आधुनिक) गारमेंट्स/साड़ियां, उत्कृष्ट आभूषण,मेडिकल कैम्प, वित्तीय सलाहकार, घर में रखने वाले प्लांट्स व लगाए जाने वाले पौधे तथा स्वादिष्ट भोजन के अलग-अलग लगभग 75 स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में रांची जिला के आसपास के ग्रामीण इलाकों की खासकर महिलाओं द्वारा जूट, शिल्प, फ्रेम, स्मृति चि?, लकड़ी का शिल्प, बांस शिल्प, हैंड बैग एवं टेरा कोटा शिल्प की वस्तु/सामान बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

## डीएवी बरियातु में सीबीएसइ कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में एक दिवसीय सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय था जीवन कौशल एडवांस। सीबीएसई रिसोर्स पर्सन के रुप मे इंदु प्रसाद और अंजु सिन्हा थीं। इसमें विद्या विकास पब्लिक स्कूल, सुरेन्द्र नाथ सेंटेनरी स्कूल, स्टार इंटरनेशनल स्कूल और डीएवी बरियातु से कुल साठ शिक्षकों ने प्रतिभागिता की।

प्राचार्य विनय कुमार पाण्डेय ने स्वागत सम्भाषण मे कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी और ज्ञान के विकासवादी युग में शिक्षकों में जीवन कौशल का होना जरुरी है। जिससे कि वे विद्यार्थियों में जीवन मूल्य और इक्कीसवीं सदी के कौशल का विकास कर सकें। नयी शिक्षा नीति के संदर्भ में ऐसे सेमिनार का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण के नये सांचे में ढालना है। जिससे वे विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान जीवन मूल्य के परिप्रेक्ष्य में प्रदान कर सकें। रिसोर्स पर्सन द्वय ने गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल का अर्थ और उसकी उपयोगिता को समझाया।

## भारी बारिश के बावजूद टेट पास सहायक अध्यापकों का धरना जारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारी बारिश के बावजूद शुक्रवार को टेट पास पारा शिक्षक आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन जारी रहा। 32वां दिन सरकार में शामिल राजद पार्टी की अनिता यादव एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन यादव धरना स्थल पर पहुंचे और टेट पास पारा शिक्षकों की मांगों का समर्थन किया। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस सप्ताह अपने पार्टी के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर सारी बातों से अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि उग्र आंदोलन करने की रणनीति के लिए 24 को आक्सीजन पार्क में 24 जिला के जिला कमिटी के साथ बैठक की जायेगी। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, मिथलेश उपाध्याय, मोहन मंडल, महेश मेहता, संजय मेहता, मुख्तार अंसारी, मिथलेश यादव, वृजमोहन मेहता, घनश्याम चंद्र, कलिनाथ साहदेव, राजेश यादव, भीम प्रजापति, शेखर यादव, सुजीत प्रभाकर, सरफराज अनवर आदि उपस्थित थे।

## 25 वॉ सीआइएससीइ अंडर-17 रीजनल क्रिकेट टूनार्मेंट शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** 25 वॉ सीआईएससीई अंडर 17 रीजनल क्रिकेट टूनार्मेंट के उद्घाटन मैक्लुस्कीगंज के डॉन बास्को एकेडेमी परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व रणजी खिलाड़ी सह झारखंड राज्य क्रिकेट एकेडमी के निदेशक चंचल दत्ता गुप्ता विशिष्ट अतिथि क्रिकेट कोच चंचल भटाचार्य राजीव कुमार वर्मा अंपायर सह चयनकर्ता सौमित्र पटनायक एस के पांडेय शाहिद मिर्जाएसूरज पांडेय एवं इस टूनार्मेंट में रांची-ए, धनबाद-ए, पटना-ए, भागलपुर-ए, जमशेदपुर-ए, देवघर जोन के खिलाड़ी मौजूद थे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए थ्री डी यानी दृढ़ निश्चयए अनुशासनएसमर्पण का समावेश जरूरी है एकिसी भी क्षेत्र में चाहे वह पढ़ाई हो या खेल की सफलता मन्त्र यही है। उन्होंने कहा कि खेल में खिलाड़ियों को टेक्निकल स्किलएटैक्टिकल स्किल एवं साईकोलाजिकल स्किल का होना भी जरूरी हैएतभी वह कामयाब हो सकता है। वही मुख्य अतिथि द्वारा खेल ध्वज फहराकर दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन किया गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमी के कल्याण मोहंतीएराकेश साहए मुकेश कुमारएपंकज कुमारएराज सिंहए सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## श्याम महोत्सव के दूसरे दिन निकली शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मण्डल, के 56वें वार्षिक मोहत्सव के दुसरे दिन शुक्रवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर से श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभा-यात्रा प्रारम्भ हुई। शोभा यात्रा में आगे आगे विभिन्न देवताओं के जयकारे के बैनर लेकर भक्तगण चल रहे थे तथा पारंपरिक वाद्यंत्रो एवम बैंड बाजे के धुन वातावरण को अत्यंत गौरव प्रदान कर रहे थे। इस मौके पर श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र थी। इस शोभा यात्रा में मण्डल के सदस्यगण पूरे मार्ग में झूमते नाचते रिम झीम बरसात के फुवारों के बीच भजनों की अमृत वर्षा कर शोभा यात्रा में चल रहे थे। श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार इत्यादि भजनों की लय पर बड़ी संख्या में भक्तगण सम्पूर्ण मार्ग में झूमते नाचते श्री श्याम प्रभु का आशीष प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम प्रभु दिव्य रथ पर विराजमान होकर नगर वासियों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। साथ ही नगर के विभिन्न सामाजिक संस्था एवम बड़ी संख्या में जन मानस अपने घर और प्रतिष्ठान के सामने गुजर रहे दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की आरती कर रहे थे एवम पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण स्वागत कर रहे थे। साम्पूर्ण मार्ग में मण्डल के सदस्यगण द्वारा प्रसाद का वितरण किया जा रहा था।

## पीजी सेम 2 परीक्षा तिथि बढ़ाने का निर्णय स्वागत योग्य : अभिषेक

**आजसू ने कहा कि छात्र हित में पीजी सेम 2 परीक्षा तिथि बढ़ाना सही निर्णय**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय की कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं को पीजी सेम 2 की हो रही परीक्षा जल्द कराये जाने से हो रही परेशानियों से अवगत कराया। आजसू ने दो दिन पहिले ही रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर इस मामले पर अपना विरोध दर्ज कराया था। कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक ने सारे पहलू पर विचार करते हुये पीजी सेमेस्टर सेम 2 परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। आजसू के सदस्यों ने कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक के निर्णय का स्वागत किया है।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रुप से अभिषेक शुक्ला, दीपक दुबे, रोहित चौधरी, सूरज सिंह, ऋषभ सिंह, प्रियांशु, विशाल, डालमणी, भवानी, राहुल, महादेव, अमनदीप के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

## एमिटी यूविवर्सिटी में बिज फिएस्टा का आयोजन



**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को बिज फिएस्टा का आयोजन किया। जिसमें यौन दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के उन्मूलन पर नुक्कड़ नाटक, और स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के लिए आंतरिक हैकथॉन का आयोजन किया गया। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के माननीय संस्थापक-अध्यक्ष और चांसलर के मिशन को ध्यान में रखते हुए, इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर एमिटी लॉ स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के लिए आंतरिक हैकथॉन का आयोजन किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव ने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## अतिथियों ने अनुसंधान पर दिया जोर, छात्र रिसर्च तेज करें

**जलीय और सतत कृषि पर तीन दिनी अंतर्राष्ट्रीय सभा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में पर्यावरण जलीय कृषि और सतत कृषि पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सभा का आयोजन किया गया। कॉलेज के फादर सी डिब्रावर सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ फा नबोर लकड़ा और डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव ने देश-विदेश से आये लोगों का स्वागत किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ नबोर लकड़ा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से नये उभरते वैज्ञानिकों को रिसर्च से जुड़ी कई नयी चीजों को जानने का अवसर प्रदान करता है। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इस तरह के आयोजन से देश को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि रिसर्च को आगे ले जाने की आवश्यकता है। आज शोधार्थी शोध कार्य को अधुरा छोड़ देते हैं। उसके विभिन्न आयामों को न सहेजते हैं और ना समझते हैं। शोधार्थियों के शोध कार्यों को और गंभीरता से लेना होगा और शोध को अंतिम मुकाम तक ले जाना होगा। बिना रिसर्च किये कोई भी कार्य का निष्पादन नहीं किया जा सकता। इस दौरान रिसर्चरों एवं विद्यार्थियों को यंग रिसर्च अवार्ड से पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी रिसर्च पर अपना प्रकाश डाला।

इस अवसर पर आएफईई कोलकाता के डॉ तिरिब बंदोपाध्याय, कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के सचिव डॉ तन्मय रुद्रा, पूर्व कुलपति डॉ एचपी शर्मा , बीएयू के कुलपति डॉ ओंकारनाथ सिंह, विभिन्न राज्यों से आये रिसर्चचर व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। पहले दिन का समापन डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

## स्पीड न्यूज

### हरी कीर्तन को लेकर कलश यात्रा



**कुजू।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बजरंग क्लब भरेचनगर सांडी द्वारा राधा अष्टमी को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। साथ ही साथ पूजा को लेकर 48 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ किया गया। भव्य कलश यात्रा में करीब 201 कलशधारी शामिल हुए। इस दौरान कलश यात्रा गाजे - बाजे के साथ मंडप परिसर से निकल कर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचा। जहां पंडित राकेश पांडेय ने यजमान बने द्वारिका महतो एवं उमेश महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा- अर्चना कराया। पूजन उपरांत सभी कलशधारी अपने-अपने कलशो में पवित्र जल को भरते हुए पुन: मंडप परिसर की ओर प्रस्थान किया। यहां पहुंचने पर कलश को स्थापित किए जाने के बाद गांव के बुजुर्ग बिगू महतो एवं सुरजन महतो के द्वारा कीर्तन मंडप का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### जनता मजदूर संघ कमेटी का गठन




**कुजू।** सीसीएल पुंडी परियोजना में जनता मजदूर संघ की कमिटि गठन को लेकर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ हजारीबाग सचिव दुष्यंत पटेल, हजारीबाग अध्यक्ष राजू महतो शामिल हुए। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगदीश महतो ने कहा कि कुजू क्षेत्र के सभी परियोजनाओं में संघ काफी मजबूत स्थिति में है। इससे प्रभावित होकर लोग संघ से जुड़ रहे है। बाद में सर्वसम्मति से पुंडी शाखा कमिटि का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अख्तर हुसैन, उपाध्यक्ष ऐलारूस उरांव, सचिव ब्रह्मदेव राम, सह सचि बजरंग लाल, संगठन मंत्री अधनु मांझी, सह संगठन मंत्री सुदामा प्रजापति, कोषाध्यक्ष मो. नसीम का चयन किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में बबलू मांझी, मनु मांझी, पंचन भुईयां, आजाद मांझी, भागीरथ मांझी, मोहन मांझी, जयदेव मुखर्जी, राजू भुईयां, सूरज तुरी, नागेश्वर रजवार शामिल है। इस दौरान अतिथियों गठित कमिटि सदस्यों को फूल माला पहना कर स्वागत किया।

### तोपा में 52 वर्षीय महिला लापता



**कुजू।** मां की गुमशुदगी को लेकर न्यू माइनस तोपा निवासी बिरजु प्रसाद ने अपनी कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि मेरी मां लखिया देवी उम्र 52 वर्ष है। बताया कि मेरी मां अचानक घर से बिना बताये किसी को कही चली गयी। काफी खोजबीन किये जाने के बावजूद भी उसका कुछ पता नहीं चला। उन्होंने कुजू पुलिस से अपनी मां के खोजबीन करने की गुहार लगायी है।

### लोकल सेल संचालन कमेटी गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रैयत विस्थापित समिति सौंदा बस्ती सरैया टोला की बैठक शुक्रवार को महावीर मंदिर प्रागण में हुई। इसकी अध्यक्षता नीलकंठ प्रसाद और संचालन किशोर साहु ने किया। बैठक मे सर्वसम्मति से सयाल लोकल सेल संचालन कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद, विनोद साव, उपाध्यक्ष सुबोध पांडेय, हरिनारायण प्रसाद, दिलीप प्रसाद, संदीप कुमार, सचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष किशोर साहु, कृष्णा प्रसाद, सुरज प्रसाद, चितरंजन कुमार, संरक्षक नीलकंठ प्रसाद, बासुदेव साव, अनंत प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, हरिहर प्रसाद, अनिल प्रसाद, श्रीकांत प्रसाद, चक्रधर प्रसाद का चयन किया गया। मौके पर दर्जनो ग्रामीण मौजूद थे।

### लायंस क्लब में मोतियाबिंद शिविर कल

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से रविवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम के उत्सव मैरेज हॉल में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजु देवी व कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक सिन्हा ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगने वाले इस शिविर में पाये गये मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों को 26 सितंबर को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए निरामया अस्पताल कोकर रांची ले जाया जायेगा। रिम्स रांची के डॉ. राहुल प्रसाद द्वारा (फेको पद्धति) आधुनिक उपकरणों से मरीजों के आंखो का सफल ऑपरेशन किया जायेगा। कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक सिन्हा ने बताया कि नि:शुल्क इलाज के लिए लोगों को 24 के शिविर में आधार कार्ड या वोटर कार्ड और पंजीकृत मोबाइल लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर की सफलता में क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेन्द्र महतो, पूर्व सचिव विजयंत कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, संजय सिंह सहित क्लब के तमाम लोग जुटे हैं।

# संस्कार के बिना शिक्षा अधूरा : दांगी

**भुरकुंडा पंचायत में चल रहे एकल अभियान में पहुंचे संच समिति संरक्षक योगेश दांगी**

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते संच समिति के संरक्षक योगेश दांगी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुण्डा पंचायत सचिवालय में एकल अभियान के तहत चल रहे तीन दिवसीय आवसीय आचार्य चयन वर्ग के दूसरे दिन गुरूवार को पंचम सत्र में भुरकुंडा संच समिति संरक्षक योगेश दांगी उपस्थित हुए। योगेश दांगी ने सभी आचार्यों को हाल चाल जाना। उन्होंने कहा कि एकल अभियान के माध्यम से समाज में बहुत ही अच्छा परिणाम प्राप्त हो रहा है। सुदुरवर्ती गांव में एकल अभियान का कार्य चल रहा जिससे गांव के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिया जा रहा। ताकि भारतीय पारंपरिक सभ्यता बचा रहे। श्री दांगी ने कहा कि संस्कार के बिना शिक्षा अधुरा है। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ उनमें अच्छे संस्कार देना भी जरूरी है। कहा गया कि एकल अभियान गांव का सर्वांगीण विकास करने में अहम भूमिका निभा रहा है। मौके पर भुरकुणडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पतरातू संच महिला समिति उपाध्यक्ष मालती गुप्ता, अंचल महिला समिति सचिव अनामिका श्रीवास्तव, रांची भाग आरोग्य योजना प्रभारी डॉ. नारायण सिंह, दक्षिण झारखंड संभाग प्रशिक्षण प्रमुख अर्जुन सिंह, अंचल अभियान प्रमुख चन्द्रशेखर कुमार, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख नन्दकिशोर, अंचल ग्राम स्वराज प्रमुख खिरेंद्र कुमार, अंचल कार्यालय प्रमुख उमेश कुमार, संच प्रमुख नागेश्वर महतो, शान्ती देवी, गुलाब राम दांगी, कौशैल्या देवी, संच व्यास राजेंद्र भोगता, संच व्यास सुखराम बेदिया, सुलेखा कुमारी सहित 40 गांव से आए प्रशिक्षणार्थी, आचार्या दीदी शामिल हुईं।

# वाहनों के लिए छावनी परिषद ने नो पार्किंग का लगाया बोर्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर में विभिन्न स्थानों पर छावनी परिषद ने नो पार्किंग जोन का बोर्ड लगा दिया है, वहीं, ऑटो रिक्शा सहित दूसरे छोटे वाहनों के लिए छावनी परिषद द्वारा पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नही की गई है। जिससे ऑटो रिक्शा एवं अन्य छोटे वाहन चालकों को शहर में वाहन चलाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ऑटो चालकों ने बताया की हमलोगों से शहर में प्रवेश करते ही छावनी परिषद द्वारा प्रत्येक दिन पड़ाव शुल्क वूसल लिया जाता है, पर हमारे लिए शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नही की गई है। जिस कारण हमलोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऑटो चालकों ने बताया की छावनी परिषद द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर नो पार्किंग जोन का बोर्ड लगा दिए जाने से हमलोगों के लिए मुश्किल और बढ़ गई है। ऑटो चालकों ने बताया कि छावनी परिषद द्वारा हमसे जिस स्थान पर पार्किंग को कहा जाता है यदि हम वहां पार्किंग करेंगे तो हमारे लिए मुसीबत बढ़ जाएगी। क्योंकि हम पढ़े लिखे युवा बैंको से ऋण लेकर ऑटो निकाले हैं और यदि बडे वाहनों के बीच में वाहन पार्किंग करेंगे तो यात्री बडे.वाहनों को छोड़कर हमारे ऑटो में नही आएंगे। ऑटो चालकों ने कहा है की छावनी परिषद हमारी इस समस्या का समाधान निकाले।

### हजारीबाग व रामगढ़ में स्वास्थ्य सेवाएं बना रहे हैं सशक्त : जयंत सिन्हा



**हजारीबाग।** सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वे हजारीबाग लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवा रहे हैं। शुक्रवार को बरही विधानसभा स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में इस शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शिविर का लाभ लेने पहुंचे। इस स्वास्थ्य शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्व जांचें निशुल्क की गयीं। जनता ने इस शिविर की काफी सराहना की और इसके लिए जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया। जयंत सिन्हा ने इस स्वास्थ्य शिविर का निरिक्षण कर लोगों से संवाद किया।

### महिला बिल में एसटी, एससी महिलाओं को विशेष आरक्षण हो : संजीव बेदिया



**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने अगर महिलाओं को समान हिस्सेदारी प्राप्त होती है तो यह काफी गर्व की अनुभूति होगी। महिला आरक्षण के अंदर एससी-एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को पूर्व से एससी- एसटी वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में हिस्सा दिया गया है ।जबकि सभी सीटों में उनको हिस्सेदारी दी जानी चाहिए थी। वहीं ओबीसी वर्ग की महिलाओं को बिलकुल आरक्षण नहीं दिया गया है जो निराशाजनक है। श्री बेदिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ही महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने की पहल की थी। पहली बार स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ही लाए थे, जो आज उसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों के जरिए 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं।महिला आरक्षण को उसके अंदर एससी- एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ समय सीमा निर्धारित कर चुनावों के पहले ही लागू किया जाना चाहिए।

# गडकरी से मिले सीपी चौधरी

**रजरप्पा से तारापीठ तक सड़क निर्माण की मांग की**

खबर मन्त्र संवाददाता



रजरप्पा। केन्द्रीय मंत्री सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नितिन गडकरी से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी नई दिल्ली में उपासना सर्किट से संबंधित आग्रह पत्र मंत्री के समक्ष रखा। रांची से रजरप्पा जो माँ छिन्नमस्तिके का एक प्राचीन मन्दिर है, हिन्दु धर्मावलंबियों की आस्था का केन्द्र है। उसके उपरांत वहाँ से एक सड़क पारसनाथ जो संथाल जनजाति के सर्वोच्च तीर्थस्थल मरांग बुरु और जैनियों के 22 तीर्थकरों की निर्वाण भूमि और पूरे विश्व के जैनियों का सर्वोच्च तीर्थस्थल है, वहाँ से आगे बढते हुए यह सड़क झारखण्ड के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा नगरी देवघर होते हुए झारखण्ड की एक वैश्विक धरोहर टेरीकोटा (मिट्टी से बना मंदिर) मंदिर होते हुए माँ भगवती के शक्तिपीठ तारापीठ जो पश्चिम बंगाल में अवस्थित है, तक निर्माण हो जाने से धार्मिक श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। उपर वर्णित सड़क जिसे उपासना सर्किट के नाम से भी जाना जा सकता है, इसका निर्माण झारखण्ड और बंगाल के विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबियों के लिए एक बड़ी सौगात होगी। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरण महतो और गिरिडीह विधायक सुदिव्य सोनू भी मौजूद रहे।

# रामगढ़ में सोशल मीडिया पर कार्यशाला

**प्रत्येक बूथ को व्हाट्सएप ग्रुप से प्रदेश कार्यालय से जोड़ेगी भाजपा**




रामगढ़। थाना चौक स्थित होटल ट्रीट के सभागार में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न हुई। आम चुनाव के मद्देनजर भाजपा का देशव्यापी शंखनाद अभियान के निमित इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश आईटी सेल प्रभारी भानु जालान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी उपस्थित हुए।

मंच संचालन एवं विषय प्रवेश करवाते हुए संतोष शर्मा ने मुख्य अतिथियों को रामगढ़ जिले में सोशल मीडिया टीम का गठन मंडल स्तर पर होने की जानकारी के साथ प्रत्येक बूथ को व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से प्रदेश को जोड़ने की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि राहुल अवस्थी ने आज के सामाजिक परिवेश में सोशल मीडिया की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया की जनसमस्याओं को उठाने के अलावा भाजपा सरकार के द्वारा उठाए गए राष्ट्रनिर्माण मो उपयोगी कदमों को भी विस्तृत रूप से शेयर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के मध्याह्न में दिल्ली से लोकसभा के विशेष सत्र में हिस्सा लेकर लौटे हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने पारिवारिक सदस्यों और रिश्तेदारों से भी तीस सेकेंड का वीडियो सरकार की उपलब्धियों को इंगित करते हुए रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर शेयर करने की नसीहत देते हुए इसे सरकार के कामों को प्रचारित करने का सबसे आसान और उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने जॉन एफ केनेडी के उस भाषण का जिक्र करते हुए कहा जिसमे उन्होंने कहा था की हम चांद पर जाना चाहते है और हम जानते है की ये आसन नही बल्कि मुश्किल है और इसीलिए हमने ये चुना है। जयंत सिन्हा ने बताया कि देश को विश्वगुरु बनाने हेतु इसी तरह के कड़े संघर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आज भाजपा का कार्यकर्ता कर रहा है और ये मुश्किल है ये बात भी हम और हमारे प्रधानमंत्री जी भी जानते है पर मजबूत इच्छा शक्ति हीं कुछ बड़ा मंजिल दिलवाती है।

उपस्थित आईटी सेल प्रभारी भानु जालान एवं प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने भी अपना वक्तव्य दिया। उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने कहा कि सोशल मीडिया सिर्फ एक मनोरंजन का माध्यम न रह कर आज एक आंदोलन जागृत करने का प्लेटफार्म बन चुका है। कार्यक्रम में महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू,रंजन फौजी,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू,राकेश पांडा, रवि मिश्रा,सूर्यवंश श्रीवास्तव, धीरज साहू,विजय पाठक, रुदल,अर्जुन कुमार, निरंजन कुमार, मिथलेश तिवारी, दिलीप प्रसाद,दीपक कुमार,महेंद्र महतो, रीति श्रीवास्तव, कौशल कुमार, ललन सिंह, किशोर कुमार,संजीत कुमार,संतोष केशरी, मिथलेश कुमार मंडल,सतेंद्र पांडे,बिनोद कुमार सिंह,प्रदीप कुशवाहा आदि उपस्थित हुए।

## एक नजर में

### बन्ना गुप्ता का कार्यताओं ने किया स्वागत



**बरही।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता का बरही में कांग्रेस के कार्यतकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के विशेष आग्रह पर रांची जाने के क्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता को कांग्रेस जनों गर्मजोशी से स्वागत किया ।कांग्रेसजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की कमी से यहां के मरीजों को हो रही परेशानी से अवगत कराया और इसे लेकर लिखितआवेदन भी सौंपा। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को दूर कर लिया जाएगा। इससे पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के बरही पहुंचने पर ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष उदय केसरी, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, राजू राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नावाटांड़ में मुखिया की अध्यक्षता में बैठक

**विष्णुगढ़।** डीवीसी विस्थापितों की नावाटांड़ में मुखिया चंद्रशेखर की अध्यक्षता में एक बैठक की गई एवं संचालन गुलाब प्रसाद वर्मा व रामचंद्र महतो ने किया। जिसमें विष्णुगढ अंचलाधिकारी द्वारा विस्थापितों को दी गई जमीन मौजा परसाबेड़ा का आम इश्तहार निकालकर दाखिल खारिज कराया जा रहा है। जिसका सबों ने विरोध किया साथ ही विस्थापितों ने कहा कि डीवीसी पदाधिकारियों द्वारा आंदोलन के बाद कहा गया था कि विस्थापितों को डीवीसी के द्वारा दी हुई जमीन का दाखिल खारिज करने के साथ पुनर्वास एवं पुनर व्यवस्थापन प्रमाण पत्र फार्म 12 दिया जाना है। परंतु आज अंचलाधिकारी द्वारा आम इश्तेहार निकाल कर परसाबेडा मौजा के भूमि का दाखिल खारिज डीवीसी के नाम कराया जा रहा है जो कि विस्थापितों का छलने का कार्य है, अगर प्रबधन का उदासीन रवैया विस्थापितों के प्रति इसी तरह रहा तो डीवीसी विस्थापित एक बार पुन: आंदोलन को बाध्य होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंससङ्ग प्रतिनिधि राजकुमार महतो, खेमलाल महतो, सुरेश राम, सहदेव राम, महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, अनंतलाल महतो, जीतन महतो, नेमचंद महतो सहित सैकड़ो महिला पुरुष विस्थापित उपस्थित थे।

### दो अफीम तस्कर गिफ्तार, दो मोबाइल व बाइक जब्त



**चरही।** गुरुवार रात को चरही पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक काले रंग स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर मादक पदार्थों को बेचने के उद्देश्य से हजारीबाग की ओर ले जा रहे हैं ।इस सूचना के आधार पर चरही पुलिस टीम को गठित कर 15 माइल एनएच 33 पर चेकिंग अभियान चलाया गया ।इस क्रम में एक काले रंग की स्प्लेंडर बाइक नंबर जेएच02बी/2330 तेज रफ्तार में आ रही थी ।अभियान में तैनात सशत्र बल के जवानों देख बाइक सवार भागने के फिराक में थे ।लेकिन मौका नहीं मिला ।दोनों को सख्ती में पूछताछ किया गया तो अपना नाम अनिल कुमार यादव 25 वर्ष पिता नन्दकिशोर यादव ग्राम गुल्ली और मीकू कुमार यादव 24 वर्ष पिता शंकर यादव ग्राम चक्रबार दोनों थाना इटखोरी जिला चतरा के निवासी बताए जाते हैं ।दोनों बाइक सवारों के पास से 3 किलोग्राम अफीम,2 मोबाइल और एक बाइक को जब्त कर दोनों अफीम तस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### प्रशिक्षु आइएएस ने की मनरेगा की जांच

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत के लोधी गाँव मे जिला से प्रशिक्षु आइएएस पदाधिकारी सुलोचना मैडम ने किया योजनाओं मे मनरेगा के तहत अमृत सरोवर वाटिका, रेखा देवी के आम बागवानी, कारी झरना चट्टान धाम झरपो मे खेल मैदान का निरीक्षण किया। मनरेगा योजना कार्य को देखकर संतुष्ट होते हुए अधूरे कार्य को पूर्ण करने कि बात कही । मौके पर टाटीझरिया बीडीओ साइनी तिग्गा,झरपो पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबूप्रसाद सोनी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन,बिपिओ अफरोज अंसारी,जेई सशांक, पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद, रोजगार सेवक संतोष राम आम बागवानी लाभुक रेखा देवी उपस्थित थे।

### टाटीझरिया में धूमधाम से मना गणपति पूजा

**टाटीझरिया ।** वक्र तुंड महाकाय सूर्य कोटि सम प्रभा ! निरविध्न कुरु मे देव सर्व कायेर्सु सर्वदा !टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो, बेडम नारायणपुर और टाटीझरिया एवम प्रखंड के विभिन्न गांवो मे गणेश चतुर्थी व्रत बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है .क्षेत्र मे गणपति बप्पा मौर्या, मंगल मूर्ति मौर्या कि जय घोष से होते देखा जा रहा है वही टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के नारायणपुर , बेडम टाटीझरिया और झरपो गाँव मे भगवान गणपति कि पूजा पंडितो द्वारा चौथे दिन वैदिक मंत्रोउच्चारण कर वंदना पूजा आरती किया गया प्रसाद का वितरण किया गया प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि विघ्नहर्ता गणेश की पूजा करने से सभी संकट दूर हो जाते है और पूजा पाठ करने से श्रद्धा भक्ति की और बढ़ती है वातावरण शुद्ध होती है ग्रामीणों संग भक्तों मे सांसद प्रतिनिधि कैलाश पति सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव प्रविल प्रसाद कुशवाहा, पंकज मंडल समाज सेवी राजू यादव राजवीर राणा, विकास राणा, सोनू कुमार, प्रेम कुमार, सुदामा प्रसाद विशाल शर्मा, संकर कुमार,शिवनारायण शर्मा, कुलदीप,मिथलेश, विकास उर्फ मोनू, संतोष शर्मा शामिल थे !इन्होने परमपिता परमेश्वर सिद्धि विनायक दु:ख हरता, मंगल कर्ता गणेश से क्षेत्र मे सुख समृद्धि को लेकर पूजा अर्चना आरती कर भक्ति भाव से वंदना कर कामनाये किया।

### कटकमसांडी में वज्रपात से महिला घायल

**कटकमसांडी।** लगातार हो रही बारिश के दौरान वज्रपात के चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई, जिसका इलाज शेख भिखारी मेडिकल कालेज, हजारीबाग में चल रहा है। जख्मी महिला का नाम कुंती देवी (पति जयकिशोर राम) बताया गया है। मामला कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांड गांव का है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महिला कुंती देवी (उम्र 48 वर्ष) दिन के करीब दस बजे अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। अचानक बज्रपात होने से वह मुर्छित होकर गिर पड़ी। बज्रपात के चपेट में आने से उसका हाथ व पीठ बुरी तरह जल गया है। फिलहाल वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

### ईमानदार नेता हैं सरयू राय : निशि पांडेय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव की समाजसेविका निशि पांडेय अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ गुरुवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने निशि पांडेय को सदस्यता दिलाई। वहीं पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने सदस्यता पर्ची काटी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशि पांडेय ने कहा कि सरयू राय से ज्यादा ईमानदार राजनेता और मुद्दों की राजनीति करने वाला शख्स मैंने आज तक नहीं देखा। श्री राय जिस मुद्दे को उठाते हैं, उसे अंजाम तक जरूर पहुंचाते हैं। इसी फाइटिंग स्पिरिट से प्रभावित होकर मैंने भारतीय जनतंत्र मोर्चा ज्वाइन किया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बड़कागांव क्षेत्र में कोई घर ऐसा नहीं होगा, जहां भाजमो के लोग नहीं होंगे। हमलोग पार्टी का प्रचार-प्रसार अपनी क्षमता से बढ़ कर करेंगे।

